Title: Need to expedite completion of Lahchura Dam Project in Mahoba district, Uttar Pradesh. − Laid.

श्री राजनरायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : * अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र का बहुत बड़ा भू-भाग असिंचित है। क्षेत्र की सम्मानित जनता धरने प्रदर्शनों द्वारा लगातार उत्तर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित करती रहती है। किसानों को सिंचाई का पानी न मिलने के कारण आत्महत्याओं तक के प्रयास गरीब किसानों द्वारा किये गये हैं।

पुनरीक्षित लहचूरा बांध परियोजना की तकनीकी स्वीकृति केन्द्रीय जल आयोग, नयी दिल्ली द्वारा की जा चुकी है। व्यय वित्त समिति से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा प्रस्तावित इन्वेस्टमेंट क्लीयरेंस हेतु प्रकरण उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से योजना आयोग, नयी दिल्ली को वित्तीय वर्ष 2004-2005 में कार्य प्रारंभ करने की अनुमति दिये जाने हेतु शासन स्तर से संदर्भित किया जाना है। वित्तीय पोषण हेतु परियोजना आर.आइ.डी.एफ. के अंतर्गत केन्द्रीय जल आयोग, भारत सरकार, नयी दिल्ली को प्रेषित की जा चुकी है। वन भूमि का प्रकरण शासन को प्रेषित किया जा चुका है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के सम्मानित किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके, इसके लिए लहचूरा बांध परियोजना, जनपद महोबा, उत्तर प्रदेश को वित्तीय वर्ष 2005-2006 में अवश्य पूरा कराये जाने हेतु अविलम्ब कदम उठाने का कष्ट करें।

---

* Laid on the Table .